**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Civil Second Appeal No. 440/2025

Dhanbai W/o Ramesh Chand

----Appellant

Versus

Moharbai D/o Ramkaran

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Appellant(s) | : | Mr. Girraj P Sharma, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Mr. S K Gupta, Sr. Adv. with<br>Mr. Rajneesh Gupta, Adv.<br>Ms. Surbhi Agarwal, Adv. |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Judgment / Order**

**25/09/2025**

कार्यालय को निर्देश दिया जाता है कि विद्वान विचारण व अपीलीय न्यायालय का अभिलेख तलब किया जावे, तहरीर अपीलार्थी पक्ष को उनके निवेदन पर दस्ती प्रदान की जावे।

अंतरिम स्थगन बाबत सुना गया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया। विद्वान अधिवक्ता अपीलार्थी का निवेदन है कि आगामी आदेश तक प्रथम अपीलीय न्यायालय के निर्णय दिनांक 01.09.2025 की क्रियान्विती स्थगित रखी जावे, जिसका विरोध करते हुए विद्वान अधिवक्ता प्रत्यर्थी द्वारा निवेदन किया गया कि वर्तमान समय में वादग्रस्त भूमि स्व. रामकरण के नाम दर्ज है और ऐसी स्थिति में कोई अंतरिम स्थगन आदेश की आवश्यकता नहीं है, विकल्प में निवेदन किया कि यदि दोनों पक्षों को राजस्व रिकोर्ड की वर्तमान स्थिति बनाये रखने हेतु आगामी पेशी तक पाबंद किया जाता है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। साथ यह भी

निवेदन किया कि अपील शीघ्र सुनवाई हेतु सूचीबद्ध की जावे। शीघ्र सुनवाई हेतु अपीलार्थी पक्ष भी सहमत है।

संपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए दोनों पक्षों को वादग्रस्त भूमि के संबंध में आगामी आदेश तक राजस्व रिकोर्ड की यथास्थिति बनाये रखने का आदेश दिया जाता है तथा इस आदेश के अलावा अन्य कोई अंतरिम आदेश पारित किया जाना उचित नहीं है।

अपील अंतिम निस्तारण के अनुक्रम में छह सप्ताह बाद पुनः न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध की जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

Murari Lal Sharma /20